(1)

DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.3(117)सूप्रौ/लेखा/08/P/7905/2013 जयपुर दिनांक 13-06-13

जिला कलक्टर (समस्त)

......................................।

विषय :— जिला मुख्यालयों पर पदस्थापित लेखाकारो के वेतन भत्तो का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार निवेदन है कि विभागीय आदेश क्रमांक प—2(996) सू.प्रौ./संस्था/12/1154 दिनांक 19.02.13 के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालयो में ई—गवनैन्स सैल के अन्तर्गत सम्बन्धित लेखा मद 3454-02-203-(01)[02] या 3454-02-789-(01)[03] या 3454-02-796(02)[03] (आयोजना) के अन्तर्गत एक लेखाकार का पद सृजित किये गये है।

उक्त आदेश की क्रियान्विति के लिए लेखाकारो के वेतन भत्तो के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2013—14 में सम्बन्धित बजट शीर्षो के अन्तर्गत बजट आवंटित किया जा चुका है। अतः इनके वेतन भत्तो के भुगतान के सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि लेखाकारो के वेतन भतो का भुगतान ई—गवनैन्स सैल, जिला कलेक्टर्स को सम्बन्धित बजट शीर्षो में आवंटित राशि से नियमितरुप से किया जावे तथा वित्तीय वर्ष के अन्त तक इनके वेतन भत्तो पर हुए व्यय का पुर्नभरण ई—गवर्नेन्स सोसाइटी को प्राप्त होने वाली आय में से कर लिया जावे ताकि आदेशानुसार लेखाकार के वेतन भत्तो आदि पर हुए व्यय का पुर्नभरण ई—गवर्नेन्स सोसाइटी की आय में से हो सके।

Sd/-
(राजकुमार मीणा)
वित्तीय सलाहकार

प्रतिलिपि :—

1. श्री आर. के. शर्मा, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), प्रभारी अधिकारी ई—मित्रा को प्रेषित कर लेख है कि ई—गवनैन्स सैल जिला कलेक्टर कार्यालयो में कार्यरत लेखाकारो के वेतन भत्तो का भुगतान उपरोक्तानुसार करवाना सुनिश्चित करावे तथा जिन जिला ई—गवनैन्स सोसाइटी में लेखाकारो के वेतन भत्तो पर हुए व्यय के पुर्नरभरण हेतु पर्याप्त आय नहीं हो तो ऐसे चिन्हित जिलो के क्रम में प्रकरण वित्त विभाग को भिजवा जाकर संशोधित सहमति प्राप्त करना सुनिश्चित करावें।
2. सुश्री सोनिया चतुर्वेदी एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) प्रभारी जिला समन्वय
3. श्रीमती ज्योति लुहाड़िया एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उपनिदेशक) को वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

वित्तीय सलाहकार

f3(117)